झमाझम बारिश से खेती में आई बहार किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष महाविद्यालय
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी का सुना वेष, देवशयनी एकादशी पर हुआ भव्य आयोजन

### कौशल्या साय हुईं शामिल, ओड़िया एवं नागपुरी भजन की धुनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी का पारंपरिक सुना वेष बड़े ही श्रद्धा और भव्यता के साथ सजाया गया। इस शुभ दिन पर मंदिर शिखर में द्वीप प्रज्वलन की रस्म भी विधिवत रूप से संपन्न हुई, जो कि देवशयनी एकादशी के आध्यात्मिक महत्व को और गहराता है।

इस खास अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। वे न केवल मंदिर में दर्शन हेतु पहुँचीं, बल्कि ओडिशा भजनों की संगीतमय प्रस्तुति पर झूमती भी नजर आईं। श्रद्धालुओं और उपस्थित जनसमुदाय ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया। -





झारखंड, ओड़िसा के कलाकारों ने की भक्ति गीतों की प्रस्तुति कार्यक्रम में झारखंड और ओडिशा के प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा संगीतमय भक्ति प्रस्तुतियां दी गईं। जिन्होंने समूचे वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। मंगल वाद्य, कीर्तन मंडलियों और संकीर्तन समूहों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन श्री जगन्नाथ मंदिर समिति, दोकड़ा द्वारा पारंपरिक रीति-नीति और श्रद्धा के साथ संपन्न कराया गया।

### क्षेत्रीय संस्कृति, कला और अध्यात्म का संगम बना

आयोजन में स्थानीय नागरिकों सहित आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रभु के दिव्य दर्शन का लाभ प्राप्त किया। समिति के ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु के चार मासीय शयन काल की शुरुआत मानी जाती है, इस कारण यह दिन विशेष पुण्यदायक माना गया है। इस अवसर पर सुना वेष के दर्शन करना अत्यंत दुर्लभ और पुण्यफलदायी माना जाता है।

### खबर संक्षेप

#### जिले में अब तक 4101.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 4101.06 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 07 जुलाई तक की स्थिति में 2514.0 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 163.0 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 443.9 मिमी, मनोरा में 548.1 मिमी, कुनकुरी में 578.5 मिमी, दुलदुला में 265.4 मिमी, फरसाबहार में 352.1 मिमी, बगीचा में 420.4 मिमी, कांसाबेल में 407.2 मिमी, पत्थलगांव में 337.6 मिमी, सन्ना में 478.7 मिमी एवं बागबहार में 269.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

#### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत 31 अगस्त तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। योजना के अन्तर्गत जशपुर जिले के लिए कुल 112 प्रकरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत चावल पर आधारित उद्योग, मिनी राईस मिल, आटा मिल, बेकरी उद्योग, नगकीन, मिक्चर, मुरमुरा, मुरकू, पोहा, मशाला, अचार, पापड़, बड़ी, बेसन मैदा, सूजी, तेल, हालर गिल, राईस मिल आदि एवं अन्य सभी प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित की जा सकती है। योजना के तहत पात्र स्थायी परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10.00 लाख रुपए अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

#### संविदा पदों के भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व जिला स्वास्थ्य समिति के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदनों की स्क्रूटनी उपरांत पात्र-अपात्र सूची जिले की वेब साईट पद पर अपलोड की गयी है। सूची पर अभ्यर्थी अपना दावा-आपत्ति निर्धारित प्रारूप में 18 जुलाई 2025 साय 05.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आवक शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

#### चोरी का 3 टन कोयला जब्त, पुलिस की कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में शुक्रवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बसदेई निवासी शत्रुधन चौधरी अपने घर के ऑटो खड़ा करने वाला गैराज में अवैध रूप से चोरी का पथर कोयला रखा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से 3 टन कोयला बरामद किया। पुलिस ने शत्रुधन चौधरी से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि भास्करपारा ओपन कास्ट खदान से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु लाकर घर में रखा था।

### गौमांस तस्करी पर पुलिस का अभियान

## प्रतिबंधित मांस के साथ आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में गौवंश मांस की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। ऑपरेशन शंखनाद के अंतर्गत की गई इस कार्यवाही में पुलिस ने 17 किलो प्रतिबंधित गौ मांस बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई 2025 को कांसाबेल थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 14 एमइ 5975 में गौ मांस भरकर उड़ीसा के बनडेगा क्षेत्र से लाकर बरजोर गांव की ओर बिक्री हेतु ले जा रहा है।सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर कांसाबेल थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह के नेतृत्व में ग्राम बरजोर में नाकेबंदी की गई। पुलिस टीम ने आने-जाने वाले सभी संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कूटी तेज गति से आती दिखाई दी, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रोका। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजकुमार नायक, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बेलटोली, थाना कांसाबेल बताया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी ने अपराध स्वीकारा

ओड़ीसा से ला रहा था मांस पुलिस पूछताछ में आरोपी राजकुमार नायक ने स्वीकार किया कि वह यह मांस उड़ीसा के बनडेगा क्षेत्र से अपने परिचितों के माध्यम से खरीद कर ला रहा था, जिसे वह कांसाबेल क्षेत्र में बेचने की फिराक में था। मामले में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 5 और 10 के तहत कांसाबेल थाना में अपराध दर्ज किया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना कांसाबेल के उप निरीक्षक सुनील सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेश यादव, आरक्षक सुरेश एक्का, तथा नगर सैनिक जोगिंदर यादव और अनिल कुमार की अहम भूमिका रही।

#### तलाशी में मिला 17 किलो गौ मांस

स्कूटी की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक की बोरी में भरा हुआ 17 किलो मांस बरामद हुआ। शक के आधार पर मांस को जब्त कर पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि यह प्रतिबंधित गौवंश का मांस है।

#### ऑपरेशन शंखनाद जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि गौवंश से जुड़े अपराधों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन शंखनाद आगे भी लगातार जारी रहेगा।



## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्राप्त आवेदनों का निराकरण की सूचना संबंधित व्यक्ति को अवश्य देने को कहा। जनदर्शन में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें मुख्य रूप से शाला में प्रवेश, राजस्व संबंधी मामले, भूमि विवाद, सीमांकन, कब्जा हटवाने, टांसफार्मर लगवाने, महतारी वंदन, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल लगवाने, आपदा क्षतिपूर्ति अंतर्गत मुआवजा प्राप्ति आदि समस्याओं के निराकरण संबंधित मामले सहित अन्य विभिन्न विषयों से संबंधित मांगें शामिल थीं।



तेज धार से बहता रेड़ नदी का पानी।



मोटर व स्वीच को टांगते कर्मचारी।

## बांध के पानी से रेड़ नदी व घुनघुट्टा नदी उफान पर, पेयजल आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जून माह और फिर जुलाई में क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से नदी व तालाब उफान पर हैं। शनिवार की शाम से लगातार हो रही तेज बारिश के बाद रविवार को घुनघुट्टा डेम के पांच गेट को एहतियातन तौर पर खोलना पड़ा है। गेट खोलने के बाद रेड़ और घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई है। रेड़ नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगे हैवी मोटर और स्विच को डूबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊंचाई के लेवल में रखा गया है,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब बाइस सौ से अधिक आवासों में पेयजल आपूर्ति अभी ठप्प हो गई है।फिल्टर प्लांट के कर्मियों ने बताया कि नदी का जलस्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व स्थान रखने के बाद ही कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बहाल हो पाएगी।देर रात से हुई मूसलाधार बारिश के बाद लोग नदी का जलस्तर देखने बड़ी संख्या में रेड़ नदी पहुंचे थे।लगातार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए बड़ी मुसीबत साबित हो रही है।बारिश में पक्के घरों में सीलन तो वहीं कच्चे घरों में रहने वालों के लिए मुसीबत का सबब बनी है।

#### राजेश बने नपा परिषद के नेता प्रतिपक्ष

**सूरजपुर।** नगर पालिका परिषद में भाजपा ने राजेश साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। इस पद को लेकर पार्टी में महीनों से चर्चा चल रही थी। रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। राजेश साहू को यह जिम्मेदारी भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल की अनुशंसा पर दी गई है। श्री साहू भाजपा के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो 4 बार के पार्षद रह चुके हैं। नगर पालिका के कामकाज का उन्हें अनुभव है और संगठन में भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राजेश साहू ने भाजपा आलाकमान और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे नगर की जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही विपक्ष की भूमिका को पूरी ताकत से निभाएंगे और जनता की आवाज बनकर नगर पालिका में काम करेंगे।




## आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की महत्वपूर्ण सावधानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। इससे बचाव के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा बिजली एक शक्तिशाली प्राकृतिक घटना है,लेकिन यदि हम सतर्क और तैयार रहें तो जानमाल का नुकसान कम किया जा सकता है।

बिजली से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां- जिला प्रशासन नेबताया,कि बिजली कड़कने पर तुरंत सुरक्षित जगह जाएं सबसे सुरक्षित जगह पक्का मकान होता है, अगर खुले में हैं और कहीं नहीं जा सकते, तो झुक कर बैठें (पैर साथ रखें), लेकिन ज़मीन पर सीधे नहीं लेटें, बिजली से चलने वाले उपकरण टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर आदि को तुरंत अनप्लग कर दें, पेड़ों और धातु की चीज़ों से दूर रहें, पेड़ के नीचे खड़े न हों बिजली अक्सर ऊंची चीजों पर गिरती है, बिजली के खंभों, तारों और लोहे के औजारों से दूर रहें, घरों में लाइटनिंग रॉड तड़ित चालक लगवाना एक वैज्ञानिक और सुरक्षित उपाय है। इसके साथ ही नजदीकी अस्पताल, आशा कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत, तहसील अधिकारी का नंबर अपने पास रखें। भारतीय मौसम विभाग की चेतावनियां रेडियो, मोबाइल या दामिनी ऐप से प्राप्त करें। इसके अलावा 108 एम्बुलेंस से तत्काल संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हेतु अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी न हो खुले में मोबाइल का उपयोग न करें , खुले मैदान, तालाब या नदी के पास खड़े न रहें, बारिश के दौरान मोटरसाइकिल या साइकिल न चलाएं, बिजली बंद होने के 30 मिनट बाद तक बाहर न जाएं।



#### सरकार द्वारा दी जाने वाली मुआवजा और राहत

बिजली गिरने से मृत्यु या चोट लगने पर आपदा राहत कोष से मुआवजा मिलता है। इसके लिए परिवार को तुरंत तहसील कार्यालय या ग्राम पंचायत को सूचित करना चाहिए।

#### पीड़ित को दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा

बिजली से झुलसे व्यक्ति को मृत न समझें कई बार सीपीआर देने से जान बच सकती है। पीड़ित को तत्काल नजदीकी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस जानकारी को अपने गांव, स्कूल और घर में साझा करें थोड़ी सी जानकारी कई जिंदगियां बचा सकती है।

### विभाग प्रमुखों को ई-आफिस संचालन के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश

## कलेक्टर ने ली श्रम, वन, कौशल विकास व उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कौशल विकास विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग, अन्त्यावसाई, उघोग विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

- एक पेड़ मां के नाम पर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने कहा गया
- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत रोजगार की मांग के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण दें

उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले के युवाओं को वर्तमान रोजगार की मांग के अनुसार विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नर्सिंग सहायक, मशीन उपकरण से संबंधित प्रशिक्षण को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के जशपुर प्रवास के दौरान हुए घोषणा को भी गंभीरता से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने नीमगांव, तपकरा में स्नेक पार्क, मयाली पर्यावरण की दृष्टि से इको जोन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अन्त्यावसाई विभाग के अधिकारी से विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करके योजना का लाभ देने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ई आफिस संचालन के सारी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय कार्य अब ई आफिस के माध्यम से ही संचालित होंगे जिन अधिकारियों ने ई आफिस की प्रक्रिया शुरू नहीं की है उन्हें जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकम्पा नियुक्ति, नामिनेशन विभागीय जांच, निलंबन अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी ली और प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।



विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।



## समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में न्योता भोज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन के तहत 6 जुलाई 25 को समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार ने अपने बेटे प्रखर कुमार के जन्म दिवस पर न्योता भोजन का आयोजन किया।

- बच्चों को खेल सामग्री, कापी, पेन, और उपहार सामग्री भेंट

उन्होंने बच्चों को खेल सामग्री,कापी, टिफिन बॉक्स,पानी बाटल बच्चों को भेंट किया। बच्चों ने उत्साह से न्योता भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चे,समाज कल्याण विभाग और शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्योहारों या अवसरों जन्मदिन, वर्षगांठ और राष्ट्रीय पर्व पर स्कूलों आश्रम छात्रावास के बच्चों के लिए न्योता भोजन करवाया जा सकता है।



## तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है।

लाइफ Style

# जरीन

## किसी सपने के सच होने जैसा

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने लिखा कि उस समय उनके एक दोस्त की बदौलत उन्हें प्रीमियर में जाने का मौका मिला और वही लम्हा आज भी उनके दिल में बसा हुआ है। जरीन ने लिखा कि उस वक्त वो कैटरीना कैफ की दीवानी थीं और उन्हें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी वो पल याद है जब उन्होंने पहली बार कैटरीना को सामने से देखा था – वो पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। ज़रीन ने अपने पोस्ट में यह भी माना कि उस समय कैटरीना को देखकर उन्हें खुद में आत्मविश्वास आया और एक सपना जन्मा।



हॉलीवुड मसाला



## रिचर्ड ने दलाई लामा का हाथ चूमा

**मुंबई।** इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं।




## जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ को मिला वीकएंड का फायदा

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने भारत में अच्छी शुरुआत की है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने नौ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा हुआ। फिल्म ने शनिवार को 13 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने अब तक 22.01 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म 'जुरासिक पार्क' फ्रेंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म है। चार जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म आपको डायनासोर की दुनिया की सैर कराती है। वहीं, हॉलीवुड की फिल्म 'एफ 1' भारत के बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। 27 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।



## विदेश में भी दिखीं फैंस की दीवानगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं। कई फैंस- 'लव यू रश्मिका' भी कहते थे। इस प्यार को देखकर रश्मिका का चेहरा भी खिल उठा। वायरल वीडियो में फैंस की दीवानगी देखकर रश्मिका ने भी उन पर प्यार लुटाया। हाथों से हार्ट साइन बनाया। वह फैंस से मिले प्यार, अपनेपन के लिए शुक्रिया कहती भी दिखीं।



## रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक्टर के बर्थडे पर आया ये टीजर फैंस के साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए ट्रीट है। मौनी रॉय, अपारशक्ति खुराना, आयुष्मान खुराना, रणवीर इलाहाबादिया समेत कई सेलेब्रिटीज ने रिएक्शन दिया है।

टीवी मसाला



## डांस कॉम्पिटिशन में अनुपमा का साथ देने को तैयार हुईं चॉल की महिलाएं...

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली अभिनीत सीरियल 'अनुपमा' में मौजूदा ट्रैक कई तरह के उतार-चढ़ावों से भरा है। सीरियल की लीड कैरेक्टर अनुपमा एक डांस कॉम्पिटिशन जीतना चाहती है। इसके लिए उसने मुंबई की चॉल में रहने वाली महिलाओं को भी राजी कर लिया। मगर, डांस कॉम्पिटिशन की प्रैक्टिस के दौरान अनुपमा के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। स्टारप्लस के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'अनुपमा' का एक प्रोमो साझा किया गया है। इस प्रोमो में अनुपमा का साथ देने के लिए चॉल की महिला राजी हो जाती हैं। मगर जब वह डांस प्रैक्टिस करती हैं, तो उन्हें यह काम मुश्किल लगता है। एक महिला कहती है, 'शायद उनसे डांस नहीं हो पाएगा?' इस पर अनुपमा सबका हौसला बढ़ाती है, सब्र से काम लेने को कहती है। आगे प्रोमो में अनुपमा एक महिला के बारे में पूछती है कि वह क्यों डांस कॉम्पिटिशन में नहीं आई? इस पर अन्य चॉल की महिलाएं बताती हैं कि उस महिला की सास बहुत कठोर है, उसको सताती है। साथ ही उसका पति से उसे परेशान करता है। ऐसे में अनुपमा उस परेशान महिला के घर उससे मिलने जाती है। जब अनुपमा उस महिला के घर पहुंचती है तो देखती है कि उसके हाथ में चोट के निशान हैं। इस पर अनुपमा उसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहती है।

### कपिल ने घटाया वजन, लोगों को नहीं आया पसंद

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा इन दिनों काफी बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इस कॉमेडियन ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। काफी वजन भी कपिल शर्मा कम कर चुके हैं। मग,र सोशल मीडिया यूजर्स को कपिल का बदला हुआ लुक पसंद नहीं आया है।



कपिल के कम हुए वजन पर कई यूजर्स तंज कस रहे हैं। कपिल को वेट लॉस के लिए ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में कपिल शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह काफी पतले नजर आए। इसी वीडियो को देखकर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'ये तो बीमार लग रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ओजेम्पिक का कमाल है (वजन कम करने वाली दवा)।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भाई तो कमजोर हो गया है।'इसी तरह के कमेंट कपिल के वेट लॉस को लेकर यूजर्स ने किए हैं। कपिल शर्मा ने काफी मेहनत से अपना वजन कम किया है। वह लगभग 10 किलो वजन घटा चुके हैं। अपने इंस्टाग्राम पेज पर अक्सर ही कपिल, रनिंग की वीडियो शेयर करते थे।

## शापित कहलाती थी ये हॉरर फिल्म! ट्रेलर था सिनेमाघरों में बैन

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में महज तीन घंटे का एंटरटेनमेंट नहीं होता। कई बार फिल्म का खौफ दर्शकों के थ्रिल चढ़ कर बोलने लगता है। कई हॉरर फिल्मों से जुड़े ऐसे किस्से हैं जिसमें दर्शक कई दिनों तक डरे और सहमे रहे. कुछ को थेरेपी तक की जरूरत पड़ गई। ऐसी ही एक फिल्म है जिसे शापित मूवी तक कह दिया गया था। ऐसी ही हॉरर फिल्मों की बात करें तो द एग्जोरसिस्ट का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1973 में रिलीज हुई इस फिल्म को अब भी सबसे डरावनी फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन, इस फिल्म की डरावनी कहानी के साथ ही इसके पीछे भी कई खौफनाक किस्से जुड़े हुए हैं।



***डरावना था ट्रेलर*** : इस फिल्म का ओरिजिनल टीजर ट्रेलर भी किसी फिल्म से कम डरावना नहीं था। ट्रेलर में सिर्फ एक सफेद चेहरे वाला भूत अंधेरे में झलकता था। ट्रेलर में कोई कहानी नहीं दिखाई गई, बस अंधेरे और भूत की झलक भर दिखाई गई थी, जो लोगों के रोंगटे खड़े कर देती थी। यही वजह थी कि कई सिनेमाघरों ने इस ट्रेलर को बहुत ज्यादा डरावना मानते हुए बैन कर दिया था।

***एक्ट्रेस को मिली थीं जान से मारने की धमकियां*** : इस फिल्म में लिंडा ब्लेयर ने मुख्य किरदार निभाया था। लेकिन, फिल्म के रिलीज होने के बाद उनके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। धार्मिक कट्टरपंथियों ने फिल्म पर शैतान की महिमा गान करने का आरोप लगाया और लिंडा ब्लेयर को जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। हालात इतने बिगड़ गए कि वार्नर ब्रदर्स को लिंडा के लिए छह महीने तक बॉडीगार्ड्स रखने पड़े।

### *इस वजह से भी 'शापित' कहलाती है ये फिल्म*

*फिल्म के साथ एक और डरावनी कहानी जुड़ी है। फिल्म में एक छोटे से सीन में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन का किरदार निभाने वाले पॉल बेटसन को फिल्म रिलीज के 6 साल बाद हत्या के मामले में दोषी पाया गया। उसने एक फिल्म रिपोर्टर की हत्या कर दी थी। इसके बाद फिल्म को लेकर अफवाहें और तेज हो गईं कि द एग्जोरसिस्ट एक शापित फिल्म है। कई ऐसे किस्से भी सामने आए कि फिल्म से जुड़े लोग अजीब हादसों का शिकार हुए, जिससे इसकी शापित फिल्म वाली छवि और गहरी होती गई।*

## दो बीघा जमीन को मिला था पहला फिल्मफेयर अवार्ड, 1953 में हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने पहला फिल्मफेयर अवार्ड जीता। ये फिल्म साल 1953 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है दो बीघा जमीन। दो बीघा जमीन को बिमल रॉय ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आईएमडीबी के मुताबिक, इस फिल्म का बजट करीब 2 लाख था। वहीं, इस फिल्म ने 70 लाख की कमाई की थी। इस फिल्म में बलराज सहानी, निरुपा रॉय, रतन कुमार, जगदीप, मीना कुमारी और रामायण तिवारी जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म को सलिल चौधरी, पॉल महिंद्रा और ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखा था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। फिल्म के लिए बिमल रॉय को बेस्ट डारेक्टर का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। बिमल रॉय को नेशनल अवार्ड भी मिला था। दो बीघा जमीन की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इसकी रेटिंग 8.3 है। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के नहीं चलती हैं फिल्में

## बिना हीरो के हिट हो गईं थीं ये 7 हिंदी फिल्में, कभी कहानी तो कभी एक्ट्रेस ने जीता दिल

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के फिल्में नहीं चलती हैं। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी रही है जिन्होंने इस धारणा को तोड़ा है और बिना किसी लीड हीरो के फिल्म सुपरहिट रही है।*



**क्वीन** : कंगना रनौत की यह फिल्म उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रिप्ट के चलते हिट रही थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी है एक ऐसी लड़की की जिसकी शादी हनीमून से पहले ही टूट जाती है और फिर वह अकेली ही यूरोप घूमकर आती है, इस दौरान उसे कई नए अहसास होते हैं और उसकी सोच बदल जाती है।




**राजी** : साल 2018 में आई इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी एक ऐसी लड़की की है जो पाकिस्तान में इसलिए शादी करती है ताकि वहां रहकर अपने देश के लिए जासूसी कर सके।




**पिकु** : दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इरफान खान भी थे, लेकिन दीपिका के अपोजिट कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन फिर भी कहानी के दम पर यह फिल्म सुपरहिट रही।



**लिपस्टिक अंडर माय बुर्का** : रत्ना पाठक, कोंकणा सेन शर्मा और अहाना कुमरा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म विवादों में रही थी, लेकिन रिलीज हुई तो इसे जनता ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म में भी कोई लीड हीरो नहीं था।



**शेरनी** : फिर एक बार विद्या बालन ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करा सकती हैं। फिल्म की कहानी एक फॉरेस्ट ऑफिसर की है जिसकी लड़ाई नैतिकता की है।



**कहानी** : विद्या बालन अकेली अपने दम पर फिल्म चला देने के लिए जानी जाती हैं। साल 2012 में आई उनकी फिल्म 'कहानी' में कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन यह फिल्म सुपरहिट रही थी। कहानी एक प्रेग्नेंट औरत की है, जो अपने पति की तलाश में कोलकाता आती है।



**तुम्हारी सुलु** : विद्या बालन ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। कहानी है एक हाउसवाइफ की जो पहले टिफिन सप्लाई शुरू करती है, लेकिन फिर रेडियो जॉकी बन जाती है।



## नौ दिन बाद मौसी के घर से लौटे जगन्नाथ महाप्रभु

**प्रतापपुर।** मौसी के घर नौ दिनों तक रहने के बाद आज जगन्नाथ महाप्रभु वापस अपने घर लौटे। नगर में पहली बार जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई जिसके बाद महाप्रभु नौ दिनों तक अपनी मौसी के घर में रहे। आज विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद रथ से जगन्नाथ महाप्रभु वापस अपने घर लौटे। इसी दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच श्रद्धालुओं में रथ खींचने होड़ मची रही। साथ ही भगवान जगन्नाथ का जगह-जगह भव्य स्वागत एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## डॉ. मुखर्जी की जयंती पर हुई संगोष्ठी



**राजपुर।** भाजपा कार्यालय बलरामपुर में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर संकल्प से सिद्धि तक अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में चलाए गए संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम अंतर्गत जिला सह संयोजक भानु प्रकाश दीक्षित आह्वान पर एक दिवसीय संगोष्ठी की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल कृष्ण मिश्रा रहे। वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी के जयंती पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद् एवं प्रकार वक्ता राष्ट्रवादी चिंतक थे। वहीं कार्यक्रम में जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, ओबीसी आयोग के सदस्य एवं आज के कार्यक्रम के जिला संयोजक कृष्णा गुप्ता, जिला सह संयोजक मुकेश गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, अजित सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, अजय यादव सहित सभी जिले के मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री व सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## करंट से हुई युवक की मौत पर बंग समाज ने की मुआवजा की मांग



**मदनपुर।** ग्राम पंचायत मदनपुर बंगालीपारा निवासी संतोष विश्वास आ. चित्तो विश्वास गुरुवार की सुबह विद्युत पोल से घर में आए कनेक्शन को सुधार करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। आज बंग समाज कल्याण समिति के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारी एवं सदस्य पीड़ति परिवार से मिले। बंग समाज ने बिजली विभाग से बात कर उचित कार्रवाई कर मुवाबजा देने की बात कही। पीड़ति परिवार के दो छोटे बच्चे है बंग समाज कल्याण समिति ने एक बच्चे का शिक्षा का खर्चा का जिम्मा लिया एवं अन्य मुद्दे पर चर्चा किया की। इस दौरान बंग समाज के प्रांतीय अध्यक्ष रामू घोष, संरक्षक दिलीप धर, सुशांत घोष, संदीप सरकार, अजित समादर, पवन बर्मन, समीर मंडल, जगदीश, विजय राय, गोपाल हालदार, सुमंत सिकदर, सूरज दास, तारक सरदार, अमल दास, सुखदेव मंडल एवं अन्य उपस्तिथ थे।

## हैंडपंप मरम्मत होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस

**कुसमी।** जनपद पंचायत सदस्य के प्रयास से ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ महकेपी का लंबे समय से खराब हैंडपंप को मैकेनिक बुलाकर मरम्मत कराया गया। सालो बाद हैंड पंप के मरम्मत होने से ग्राम पंचायत सतीपारा के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जनपद सदस्य नमीता बड़ा ने बताया कि कई वर्षों से यह हैंडपंप खराब की स्थिति में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### शहर में निकाला गया मातमी जुलूस

# अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम





जुलूस में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समाज द्वारा मातमी पर्व मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर में विभिन्न चौकों पर फ़ातिहखानी के साथ ही लंगर बांटा गया। वहीं शाम को शहर सहित जिले भर में मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान समाज के लोगों ने गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया। हालांकि शनिवार रात से लगातार हो रही बारिश का असर मातमी पर्व मोहर्रम में भी देखने को मिला।

**खास बात**
- बारिश ने डाला खलल

बता दें कि मुस्लिम समाज का दस दिवसीय मातमी पर्व मोहर्रम 27 जून से शुरू हुआ था। मोहर्रम से ही मुस्लिम समाज के नए वर्ष की शुरुआत होती है। ऐसे में मुस्लिम समाज द्वारा पहले मोहर्रम से ही चौकों पर फातिहा खानी का आयोजन किया गया। वहीं समाज के लोगों द्वारा जगह जगह मिलाद शरीफ व लंगर का आयोजन किया गया। दसवीं मोहर्रम को पहलाम के दिन सुबह से ही मस्जिदों व मोहल्लो में मीलाद का आयोजन किया गया जबकि शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोग अपने अपने ताजिया व अलम के साथ जुलूस की शक्ल में रवाना हुए। इस दौरान शहर के श्रीगढ़, नवागढ़, पर्राडांड, मोमिनपुरा, रसूलपुर, बरेजपारा, सोनपुरकला व अन्य स्थानों से समाज के लोग ताजिया व अलम के साथ महामाया चौक होते हुए देर शाम सदर रोड पहुंचे। सदर रोड के कादिमी चौक पर सभी अलम की मिलनी कराई गई। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया गया। देर शाम तक चले जुलूस के बाद लोगों ने करबला में फातिहाखानी के बाद मोहर्रम पर्व का समापन किया। हालांकि इस दौरान बारिश का असर भी मोहर्रम में देखने को मिला।

## हसन हुसैन की शहादत में निकाली गई मातमी जुलूस

प्रतापपुर। मुस्लिम समुदाय द्वारा हसन हुसैन की शहादत में मातमी जुलूस एक से एक ताजिया नगर में निकली गई। विभिन्न कमेटियों द्वारा एक से बढ़कर एक ताजिया बनाई गई थी। हसन हुसैन की शहादत में लोगों ने ताजियादारी का माध्यम से नगर के राजघराना चौक, कदम पारा चौक, बस स्टैंड सहित नगर भ्रमण किया। इसी दौरान ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला, पुरुष बच्चों ने बढ़ चढ़कर मातमी जुलूस में शामिल रहे।



इस दौरान शहर में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान अंजुमन कमेटी से सदर इरफान सिद्दीकी, शफी अहमद, अफजाल अंसारी, शकील असांरी, रशीद अंसारी, अब्दुल लतीफ, पार्षद बाबर इदरिशी, परवेज आलम गांधी, इसाउद्दीन अंसारी, सादिक हुसैन, अमीर अंसारी आदि मौजूद थे।



## मैनपाट में मनाया गया दलाई लामा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को मैनपाट में तिब्बती समाज के द्वारा दलाई लामा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जबकि केक काटकर खुशियां मनाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने भी शिरकत की। बता दें कि देशभर में रविवार को धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाया गया। दलाई लामा के जन्मदिन को मनाने के लिए मैनपाट में तिब्बती समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। मैनपाट के तिब्बती मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। इस दौरान जन्मदिन के कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक राम कुमार टोप्पो, आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने केक काटकर तिब्बती समाज के लोगों को दलाई लामा के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। वहीं समाज की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई और दलाई लामा का जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर मैनपाट के सभी 7 तिब्बती कैम्प से समाज के लोग एकत्रित हुए थे।

- क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने काटा केक

## अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मानसून की मूसलाधार बारिश से क्षेत्र में जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है जबकि दुर्घटनाओं का सिलसिला भी जारी है। रविवार की सुबह भी तेज रफ्तार वाहन गड्ढों के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नदी में गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में चालक को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

- बारी बारिश से राजपुर-ओकरा मार्ग पर बंद रहा आवागमन

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि वाहनों को निकलने का काम जारी था। बताया जा रहा है कि आयशर कंपनी के मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीके 4099 में चालक रामलखन अपने दो अन्य साथियों के साथ किराना सामान और धान लोड कर अंबिकापुर से कुसमी जा रहा था। इस दौरान क्षेत्र में लगातार हुई बारिश से सड़कों के गड्ढों, गागर, गेउर नदी के पुल पर बने गड्ढों में पानी भर गया है। सुबह लगभग 7 बजे जैसे ही चालक वाहन को लेकर गागर नदी के पुल पर गड्ढों में भरे पानी के कारण चालक ने वहां से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार वाहन सीधे पुल से नीचे गिर गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राजपुर एसडीएम देवेन्द्र प्रधान, बरियों नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार कंवर व पुलिस टीम ने घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले तूफान पर है। राजपुर ओकरा मुख्य मार्ग पर गेउर नदी पुल के ऊपर लगभग 2 फीट ऊपर से पानी बह रहा था जिससे रविवार को सुबह 10 बजे तक आवागमन प्रभावित रहा।



## बिरला ओपन माइंड में मनाया गया वार्षिक अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक अलंकरण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर विलास भोसकर शामिल हुए।

कलेक्टर ने नव-नियुक्त स्कूल कैप्टन और वाइस-कैप्टन को बैज प्रदान किया। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में नेतृत्व, टीम वर्क और ईमानदारी के गुणों पर जोर दिया। नवगठित छात्र परिषद से उदाहरण स्थापित करने और स्कूल के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। उनके शब्दों ने छात्रों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित किया, जिससे उन्हें अपनी नेतृत्व यात्रा शुरू करते समय मूल्यवान मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिला। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य सुश्री मोना भरकटिया ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने ऐसे सर्वांगीण व्यक्तियों को पोषित करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला जो न केवल अकादमिक रूप से मजबूत हैं बल्कि मजबूत नेतृत्व गुणों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी रखते हैं।



## स्वास्थ्य विभाग को रखा गया अलर्ट मोड पर

**अंबिकापुर।** मैनपाट में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड़ में रखा गया है। इस आयोजन को लेकर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने संभाग के सभी सीएमएचओ को पत्र जारी कर निर्देश दिया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि मैनपाट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 7 से 9 जुलाई तक प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम विष्णु देव साय शामिल होंगे। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का भी मैनपाट में उक्त दिवस में आवागमन होगा। ऐसे में संभाग स्तर में आवागमन के दौरान किसी अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आवागमन से संबंधित समस्त राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट संभाग के समस्त जिला चिकित्सालयों, समस्त सिविल अस्पतालों, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयों का भण्डारण तैयार रखा जाए व आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण भी क्रियाशील हो। चिकित्सा विशेषज्ञों, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की भी पूर्ण रूप से सभी शासकीय अस्पताल में मुस्तैदी से तैयारी सुनिश्चित की जाए।

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम धुमांडांड़, तहसील कुनकुरी
सत्यवान राम यादव पिता शिवशंकर यादव, उम्र 42 वर्ष, जाति महकुल, साकिन कलिया. तहसील बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)..... आवेदक बनाम छ.ग. शासन.....अनावेदक

उद्घोषणा

एतद् द्वारा ग्राम धुमांडांड, प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कुनकुरी, तहसील कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) की जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सत्यवान राम यादव पिता शिवशंकर यादव, उम्र 42 वर्ष, जाति महकुल, साकिन कलिया, तहसील बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम धुमांडांड़ स्थित अपने निजी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 13/9 रकबा 0.040 हे. भूमि पर मकान निर्माण हेतु आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई दिनाँक 10/7/25 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। उक्त नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 25/6/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सांसद चिंतामणि महाराज की मुख्य आतिथ्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव द्वारा स्तरीय सभी विद्यालयों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज सहित नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक सोनी ने कहा कि आज के समय में विद्या ही ऐसा धन है जिसे कोई भी चुरा नहीं सकता है, न ही बाट सकता है। विद्या का ज्ञान दूसरों को देने से बुद्धि का सर्वांगीण विकास होता है। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है, डॉक्टर अगर गलत तरीके से इलाज करता है तो दो चार व्यक्ति की मृत्यु हो जाएगी लेकिन शिक्षक अगर गलत तरीके से बच्चों को शिक्षा देंगे तो शिक्षा की अज्ञानता के कारण विद्यार्थी का भविष्य खराब होने के साथ पूरा राज्य व देश संकट में हो जाएगा। शिक्षक अपनी कर्तव्य का अच्छे तरह से निर्वहन करते हुए विद्यालय के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज सहित अतिथियों द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, लड्डू खिलाकर एवं पुस्तक वितरण करते हुए शाला प्रवेश कराया।





## खबर संक्षेप



### द्रोपदी फाउंडेशन की पहल से पौधरोपण शुरु

**रायगढ़।** बारिश के मौसम में विगत दस वर्षों से अनवरत शहर की सुप्रसिद्ध संस्था रामदास द्रौपदी फाउंडेशन की अभिनव पहल से चेयरमैन सुनील रामदास अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में टीम पर्यावरण गतिविधि चेयरमेन एमजेएफ लॉयन दयानंद अवस्थी व टीम प्रमुख राम यादव के सानिध्य में सभी सदस्यगण पूरे शहर व जिले में विभिन्न स्थानों में जाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन करते हैं। साथ ही इस महाअभियान में समाज के लोग भी पवित्र मन से जुड़कर कार्यक्रम को भव्यता देते हैं। इसी महाअभियान के अंतर्गत इस बार शहर की संस्था लॉयंस क्लब मिड टाउन अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल व रामदास द्रोपदी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज से महावृक्षारोपण अभियान का आगाज शहर के निगम परिसर में सभापति डिग्री लाल साहूए पार्षद सुरेश गोयल व पार्षद पूनम सोलंकी ने सुबह साढ़े दस बजे हरी झंडी दिखाकर टीम के सदस्यों को रवाना किया। वहीं इस नेक पहल के लिए सभापति डिग्री लाल साहू, पार्षद सुरेश गोयल ने रामदास द्रोपदी फाउंडेशन के चेयरमेन लॉयन सुनील रामदास और लॉयंस क्लब मिडटाउन अध्यक्ष लॉयन ओमप्रकाश अग्रवाल को विशेष बधाई व शुभकामनाएं दी और निगम की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सहकारिता दिवस पर किया पौधरोपण



**खरसिया।** भारत देश में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जा रहा है सहकारिता दिवस उपलक्ष में। सहकारिता समिति बरगढ़ अपेक्स बैक में पौधरोपण कर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया बढ़ते धूप और तापमान को देखते हुए पौधरोपण है जरूरी जिसमें कई वृक्ष आधार फलदार पौधे लगाए गए पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित जिसमें मुख्य अतिथि अपेक्स बैंक के प्रबंधक राजीव कुमार दुबे एवं सुपरवाइजर गगन चंद्राकर एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी के आर देवांगन, युवा मोर्चा ज़ोंबी मंडल प्रभारी जयप्रकाश डनसेना, समिति अध्यक्ष छत्तर सिंह सिदार, जगत राम पटेल एवं किसान गढ के साथ समिति के प्रभारी सहायक प्रबंधक शंभू चौहान, भोला जायसवाल सहित कर्मचारीयो उपस्थित होकर पौधरोपण एवं अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया।

### तुस्मा-खैरताल मार्ग बदहाल, कीचड़ से परेशानी

**तुस्मा ।** नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तुस्मा से खैरताल को जोड़ने वाली प्रमुख संपर्क मार्ग की हालत इन दिनों अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क अब खड्डों और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है,जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग का उपयोग रोजाना सैकड़ों ग्रामीण करते हैं, जो कृषि, शिक्षा,स्वास्थ्य और व्यापार के लिए खैरताल और आसपास के क्षेत्रों में आते-जाते हैं। लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण न केवल लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है,बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। ग्राम वासियों का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत और निर्माण को लेकर कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है। जनप्रतिनिधियों को भी बार-बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। इस रास्ते को लेकर बच्चे स्कूल जाने में डरते हैं,मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है और व्यापारियों को अपने माल की ढुलाई में नुकसान हो रहा है।

# स्वराज बना सीए परीक्षा का सितारा, देशभर में हासिल की 6वीं रैंक

## रायगढ़ के स्वराज बापोडिया ने हासिल की ऑल इंडिया 6वीं रैंक, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के युवा प्रतिभा स्वराज बापोडिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट यानी सीए की कठिनतम परीक्षा में ऑल इंडिया 6वीं रैंक हासिल कर न केवल जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

उन्होंने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए यह सिद्ध कर दिया कि कड़ी मेहनत और मजबूत इरादे से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। स्वराज की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से रायगढ़ ही नहींए बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ में गर्व और उत्साह का माहौल है। जैसे ही परिणाम सामने आया, परिवार, शुभचिंतक और जान.पहचान वालों में बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्वराज बापोडिया रायगढ़ शहर



के निवासी हैं। और प्रारंभिक शिक्षा यहीं से प्राप्त की। उन्होंने हमेशा पढ़ाई को प्राथमिकता दी और कठिन परिश्रम से खुद को साबित किया। स्वराज की मां रीना बापोड़िया ने कहा कि स्वराज शुरू से मेधावी रहा है। जिंदल स्कूल में 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद उसने कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज में बीकॉम किया। स्वराज ने ऑनलाइन क्लास से कोचिंग की। स्वराज की सफलता पर राज्य के नेताओंए जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी सफलता को लेकर खूब सराहना हो रही है और लोग उन्हें छत्तीसगढ़ का गौरव कहकर संबोधित कर रहे हैं।

### प्रदेश के युवाओं के लिए बने प्रेरणा

स्वराज की यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा हैए जो बड़े सपने देखते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण हतोत्साहित हो जाते हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि अगर लगन सच्ची हो तो किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

### बिना किसी शोरशराबे के रच दिया कीर्तिमान

सीए परीक्षा को भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता हैए जिसमें हजारों छात्र हर साल प्रयास करते हैं, लेकिन बहुत ही कम छात्र टॉप.10 में जगह बना पाते हैं। स्वराज ने यह कर दिखाया और ऑल इंडिया रैंक 6 प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है।

### माता-पिता की आंखों में गर्व के आंसू

परिणाम घोषित होते ही उनके घर में जश्न का माहौल बन गया। माता.पिता ने बेटे की सफलता को भगवान का आशीर्वाद बताया और कहा कि स्वराज की मेहनत और समर्पण का ही फल है कि उसने यह मुकाम हासिल किया है। आसपास के लोग, रिश्तेदार, शिक्षक व शुभचिंतक लगातार उन्हें बधाइयां देने पहुंच रहे हैं।

## खेत-खलिहान पानी से लबालब, खरीफ सीजन को लेकर नई उम्मीद

# झमाझम बारिश से खेती में आई बहार किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बीते कुछ दिनों से हो रही जोरदार और लगातार बारिश ने जहां आम जनजीवन को राहत दी है, वहीं सबसे बड़ी खुशखबरी किसानों के लिए लेकर आई है। गर्मी और सूखे की मार झेल रहे किसानों के चेहरे अब खिल उठे हैं। खेत खलिहान पानी से लबालब हो चुके हैं और खरीफ सीजन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं।

बारिश ने जहां एक ओर मौसम को सुहावना बना दिया है, वहीं दूसरी ओर यह किसानों के लिए संजीवनी बनकर आई है। अब तक की वर्षा ने खेतों की प्यास बुझा दी है और धानए उड़दए मूंगए अरहरए मक्का जैसी फसलों की बुआई शुरू हो गई है। किसान पूरे जोश और उत्साह के साथ खेतों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण इलाकों में बारिश के बाद खेतों की सूरत बदल गई है। सूखे और दरारों से जूझ रहे खेत अब पानी से भरकर जीवनदायिनी बन गए हैं। किसान दिन.रात खेतों में मेहनत कर रहे हैं। कई जगहों पर धान की नर्सरी भी तैयार हो चुकी है और रोपाई का कार्य शुरू हो गया है।



**फैक्ट फाइल**

- धान का कुल लक्ष्य रुपए 166.056 हजार हेक्टेयर।
- धान की बुआई रुपए 8.500 हजार हेक्टेयर।
- दलहन तिलहन का लक्ष्य रुपए 20.888 हजार हेक्टेयर।

### किसानों में नई ऊर्जा, उम्मीदों का उबाल

ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों के बाद ऐसी अनुकूल बारिश देखने को मिली है। गांवों में चहल.पहल है, मंडियों में बीजों की खरीद बढ़ी है और कृषि कार्यों में तेजी आई है। गांवों में एक बार फिर खेतों की हरियाली लौट आई है जो विकास और समृद्धि का संकेत है। ग्राम गढ़उमरिया के किसान सुभाष साहू ने कहा हमने ऐसा समय पहले देखा हैए जब आषाढ़ में खूब बारिश होती थी। लंबे समय से बारिश थम गई थी। अब फिर वही उम्मीद जागी है। इस बार मेहनत रंग लाएगी।

### कृषि विभाग ने जताई रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद

कृषि विभाग के अनुसार अब तक की वर्षा बहुत ही अनुकूल रही है। यदि अगले 15-20 दिनों तक इसी तरह बारिश जारी रही, तो इस बार रायगढ़ जिले में खरीफ फसलों का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकता है। समय पर बुआईए पर्याप्त नमी और अनुकूल मौसम से फसलों की गुणवत्ता में भी जबरदस्त सुधार होने की संभावना जताई जा रही है।

### तालाब, नहर, कुएं हुए जलमग्न

इस अच्छी बारिश से न सिर्फ खेती को फायदा मिला है, बल्कि सिंचाई के लिए भी बड़ी राहत मिली है। गांवों के तालाब, डबरी, नहरें और कुएं भर चुके हैं। जिन इलाकों में पानी की किल्लत बनी हुई थी, वहां अब जल स्रोतों में जलस्तर बढ़ने से पीने के पानी और सिंचाई की समस्या दूर होने लगी है।



# शहर में अवैध कब्जा : कमिश्नर की चेतावनी, तुरंत हटाएं या सब टूटेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार तड़के सुबह 6 बजे निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बारिश के चलते शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रामनिवास टॉकीज संचालक, ओवरब्रिज से सुभाष चौक तक नाली पर अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों को नोटिस जारी करने, जुर्माना लगाने और तत्काल अतिक्रमण तोड़ने के आदेश अतिक्रमण निवारण दस्ता को दिए गए। कमिश्नर ने चिरंजीवी दास नगरए मोदीनगर, खेतपारा, सिद्धिविनायक कॉलोनी, डायमंड हिल्स, फ्रेंड्स कॉलोनी, पंजीरप्लांट, जोगीडीपा, अंडरब्रिज गंधरी पुल समेत अन्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया। अधिकांश जगहों पर जल निकासी सामान्य रही पर नालों में कचरा, झाड़ियां, गाजा जमा होने से निकासी प्रभावित पाई गई। उन्होंने सभी सफाई दरोगाओं को निर्देश दिए कि नालों में जमे कचरे को तुरंत हटाया जाए। रामनिवास टॉकीज इलाके में सड़क काटकर बनाए गए नाले की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने ह्यूम पाइप डालने और सड़क मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करने को कहा। क्षतिग्रस्त पानी सप्लाई पाइपलाइन के पुनर्निर्माण में आधुनिक तकनीक अपनाने का निर्देश कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया को दिया गया। बड़पारा में पोकलेन मशीन लगाकर नाले की सफाई के निर्देश दिए गए। आरपीएफ बैरक की दीवार से जल निकासी बाधित होने पर दीवार तोड़ने और नाले के चौड़ीकरण के आदेश दिए।

# कुड़ेकेला सोसायटी का उभरती प्रतियोगिता में हुआ चयन



**कुड़ेकेला।** उत्कृष्ट कार्यो के लिए सहकारिता विभाग में कुड़ेकेला सहकारी समिति अपने कार्यो से कई बार प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुकी हैं, अभी हाल ही में उभरती हुई प्रतियोगिता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से पांच सोसायटियों का चयन हुआ, जिसमे राजनांदगांव, महासमुंद, जांजगीर चम्पा, भातपुर एवं कुड़ेकेला सहकारी समिति के उत्कृष्ठ कार्य हेतु दिल्ली में चयन हुआ, जिसमे सहकारी समिति के डाटा आपरेटर पद्मलोचन साहू, सहायक समिति प्रबंधक मनसिंह राठिया ने इस कार्यक्रम में भाग लिया पूर्व में भी 2024 में डाटा आपरेटर पद्मलोचन साहू का चयन हुआ था। समय-समय पर उत्कृष्ट कार्यो के लिए सोसायटियों का चयन होता हैं। कुड़ेकेला सोसायटी का चयन समिति के किसानों के लिए गौरव की बात हैं।

## 11 को आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**सरिया।** छग शासन के आयुष विभाग के आदेशानुसार और जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ डॉ सीएस गौराहा के कुशल निर्देशन में इस सत्र का बरमकेला विकासखंड का प्रथम विकासखंडस्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला दिनांक 11 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नगर पंचायत सरिया परिसर में स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विकास खण्ड के चिकित्सकों के साथ बाहर से भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों का निःशुल्क रोग निदान कर औषधि वितरित किया जाएगा। तथा योग द्वारा स्वस्थ रहने की सलाह देने के लिए कुशल योग प्रशिक्षिका मौजूद रहेंगी। रक्त परीक्षण की सुविधा रहेगी एवं रोग प्रतिरोधक काढ़ा का वितरण किया जाएगा। अतः सभी लोगों से निवेदन एवं आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लें।

## कोटवार, छात्र, स्वास्थ्यकर्मी और पुलिस मित्र सम्मानित

# जूटमिल में समाज के सच्चे सेवकों का सम्मान, पुलिस ने बढ़ाया हौसला

**रायगढ़।** जहां सेवा है वहीं सम्मान है। इसी भावना के साथ थाना जूटमिल में ग्राम सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और सामुदायिक सहभागिता को लेकर एक विशेष बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में किया गया।

इस समारोह में गांव समाज की नींव माने जाने वाले ग्राम कोटवारों, जनस्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाने वाले स्वास्थ्यकर्मियोंए भविष्य के निर्माण में जुटे शिक्षकों, मेधावी छात्रों और समाजसेवा में समर्पित पुलिस मित्रों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में नगर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी प्रशांत राव ने ग्राम कोटवारों को सुरक्षा व्यवस्था में उनकी अहम भूमिका की जानकारी दी। श्री विश्वकर्मा ने कहा संदिग्ध गतिविधियों की समय पर सूचना देनाए बाहरी व्यक्तियों की निगरानी और कानून व्यवस्था में सहयोग ये कोटवारों की पहली जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के बीट अधिकारी, थाना प्रभारी और जनसंपर्क माध्यमों से जुड़े रहें ताकि अपराधों पर समय रहते रोक लगाई जा सके। कार्यक्रम के दूसरे चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### इनको मिला सम्मान

**स्वास्थ्यकर्मी**
श्रीमती ममता पटेल उप स्वास्थ्य केंद्र, गढ़उमरिया
श्रीमती सुमन तिग्गा उप स्वास्थ्य केंद्र, कोड़ातराई

**मेधावी छात्र**
निकिता सिदार 10वीं 94 प्रतिशत शाउमावि झलमला
विनय यादव 12वीं 89 प्रतिशत शाउमावि झलमला

**शिक्षकगण**
सुरेंद्र गुप्ता प्रधान पाठक डूमरपाली
कामता प्रसाद तिवारी प्राचार्य

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

सरसीवा। रविवार को सरस्वती शिशु मंदिरए सरसीवां में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 205 लोगों की विभिन्न रोगों की जांच की गई। यह शिविर अग्रवाल नर्सिंग होम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, बसना जिला महासमुंद, छत्तीसगढ द्वारा अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी युवा मंचए सरसीवां के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। इस दौरान गांव एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे। शिविर में आए मरीजों को विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं आवश्यक जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में कुल 14 अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही, जिसमें शामिल थे। डा. एनके अग्रवाल वरिष्ठ सर्जन, डॉ. अमित अग्रवाल वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. देवेश अग्रवाल नेत्र रोग एवं मोतियाबिंद सर्जन, डॉ. खुशबू अग्रवाल डेंटल एवं कॉस्मेटिक सर्जन, डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल हड्डी आदि। शिविर में निःशुल्क रक्त जांच, शुगर, हीमोग्लोबिन, हड्डियों की मजबूती नसों की जांच नेत्र एवं दंत परीक्षण, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, महिला रोग, त्वचा रोग आदि सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में श्रवण अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल और निखिल केडिया सहित पूरी आयोजन समिति का अहम योगदान रहा। साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य श्री पंकज प्रधान एवं उनकी पूरी टीम का पूर्ण सहयोग रहा।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

#### कक्षा 10 वीं और 12 वीं अनुतीर्ण छात्रों के रखने होंगे रिकॉर्ड

# स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने घर-घर दस्तक देंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी स्कूलों में उपस्थिति बढाने के लिए शिक्षा विभाग शिक्षकों को घर घर भेजने की तैयारी में जुटा है। इस विषय को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राव ने नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के बाद छात्रों की कक्षा पहली में प्रवेशित छात्रों की जानकारी ली।

उन्होंने कक्षा पहली के लिए चिन्हांकित समस्त बच्चों का प्रवेश जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए इन सभी प्रवेशित बच्चों में से पात्र बच्चों के जाति प्रमाण.पत्र 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से बनाकर छात्रों को वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही शेष कक्षाओं में अध्ययनरत पात्र छात्रों के भी जाति प्रमाण.पत्र प्राथमिकता क्रम में पूर्ण कराने के को कहा।




उन्होंने बच्चों की उपस्थिति की जानकारी लेने पर पता चला कि बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है इस संबंध में सभी बीईओ को निर्देशित किया जो छात्र कक्षा में उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन छात्रों के घर संबंधित शाला के शिक्षक जाकर सतत पालक सम्पर्क करने और बच्चों को शाला में लाने को कहा। पालक सम्पर्क के लिये विधिवत रजिस्टर संधारित करने के भी निर्देश दिए गए। पाठ्यपुस्तक निगम से प्राप्त पुस्तकों को तत्काल स्कैन कराकर अतिशीघ्र छात्रों को वितरित कर अध्यापन कार्य दुरत गति से प्रारम्भ करने और माह जुलाई के पाठ्यक्रमों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। सभी शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए रायगढ़ जिले में लागू मिशन उत्कर्ष के समस्त कंडिकाओं का पालन करना अनिवार्य होगाए जिसमें माह के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण करनाए साप्ताहिकए मासिक टेस्ट, त्रैमासिक टेस्ट, अद्र्धवार्षिक परीक्षा, प्रीबोर्ड परीक्षा संचालित करना, कमजोर और अच्छे बच्चों का चिन्हांकन और उनके लिये अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन, आगमन निगमन पंजी का संधारण, गृह कार्य देना, शुरू से ही ब्लू प्रिंट के आधार पर अध्यापन जैसे कार्य नियमित और निर्धारित अंतराल में हर स्कूल को पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।

### विनोबा ऐप से उपस्थिति की होगी ट्रेकिंग

सभी शासकीय शालाओं में शाला में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी शाला लगने के प्रारंभिक समय में विनोबा एप में देनी होगी, साथ ही कक्षा पहली से आठवीं कक्षा अध्यापन करने वाले शिक्षकों को अपने द्वारा स्कूल में कराए गए गतिविधियों के फोटो और वीडियो भी अपलोड विनोबा एप में कर सकते है। कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों के मासिकए त्रैमासिक, अद्र्धवार्षिक और प्रीबोर्ड के परीक्षा परिणाम एक्सल शीट के माध्यम से अपलोड किया जाना है ताकि छात्रवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जा सके। अब सीएसी भी अपने शालाओं का निरीक्षण ऑनलाइन मोड में विनोबा एप में करना होगाए ताकि निरीक्षण किए गए शालाओं को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सके।

